विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर
द्वितीय व तृतीय तल, पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर भवन
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर –302017
ईमेलः vsu.jaipur@rajasthan.gov.in वेब साईट www.vsuraj.ac.in

क्रमांकः डिग्री / दीक्षांत समारोह / 2025 / 8066 दिनांकः 08.04.2026

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय,
जयपुर।

आप सबको सूचित किया जाता है कि–

1. विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 22.04.2026 को है। **(राज्यपाल / कुलाधिपति महोदय का पत्र संलग्न)**
2. ऐसे सभी स्नातकोत्तर एवं स्नातक के पात्र जो दीक्षांत समारोह के दौरान व्यक्तिगत रुप से डिग्री लेना चाहते हैं, के बारे में संबंधित संस्थानों से पर्याप्त समय देते हुए दिनांक 05.04.2026 तक सूचना मांगी गई थी। साथ ही सभी संस्थानों को फोन पर भी संपर्क कर सूचना उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया था।
3. संबंधित संस्थानों द्वारा निर्धारित तिथि 05.04.2026 के एक दिन बाद 06.04.2026 तक उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर स्नातकोत्तर एवं स्नातक अभ्यर्थियों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई थी तथा ड्रेस कोड के बारे में भी सूचित कर दिया गया।
4. समस्त सूचना राज्यपाल / कुलाधिपति महोदय को दिनांक 07.04.2026 तक उपलब्ध करानी थी, जो उनके कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है।
5. संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर राज्यपाल / कुलाधिपति महोदय को प्रेषित की गई स्नातकोत्तर एवं स्नातक अभ्यर्थियों की सूची में अब कोई नाम सम्मिलित किया जाना संभव नहीं है।
6. निरंतर संपर्क के बावजूद भी कुछ संस्थानों द्वारा मांगी गई सूचना समय पर उपलब्ध न कराना यह दर्शाता है कि वह इस प्रकार के आयोजनों के प्रति भी अपेक्षानुसार गंभीर नहीं हैं।

Mon 08/04/26

परीक्षा नियंत्रक
विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय
जयपुर

**सचिव**
**माननीय राज्यपाल, राजस्थान**

सत्यमेव जयते

**लोक भवन, जयपुर - 302 006**
**राजस्थान,**
**फोन : +91-141-2228792**
**फैक्स : +91-141-2221156**

क्रमांकः एफ.1(A)(7)आरबी / 2025 / 1563
दिनांकः 19 मार्च, 2026

कुलगुरू,
विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः— विश्वविद्यालय का आगामी दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने के संबंध में।
संदर्भः— विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 7871 दिनांक 09.03.2026

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह आयोजन के संबंध में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा **दिनांक 22.04.2026 को प्रात 11:00 बजे** नियत किये जाने की सहमति प्रदान की गई है।

उपरोक्त संबंध में राज्यपाल सचिवालय द्वारा समय—समय पर जारी परिपत्र/निर्देशों के अनुसार दीक्षान्त समारोह से संबंधित आवश्यक सूचना एवं समयबद्ध कार्य—योजना (Action Plan) समारोह आयोजन के अवसर पर वितरित की जाने वाली उपाधियों व मेडल वितरित किये जाने की संख्या, स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की सूची इत्यादि की जानकारी दिनांक 07.04.2026 तक आवश्यक रूप से इस सचिवालय/परिसहाय, राज्यपाल राजस्थान को प्रेषित करें। कृपया इसे प्राथमिकता देवें।

कृपया उक्त सूचना ई—मेल आई.डी protocol.rb@rajasthan.gov.in पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करावे।।

भवदीय,

**(डॉ. पृथ्वी)**